NT>

Title: Need to upgrade J.K. Cancer Institute in Kanpur as Regional Cancer Institute and provde modern facilities there.

श्री जगत वीर सिंह द्रोण (कानपुर): कैन्सर के बढ़ते प्रकोप तथा अभी तक इस घातक बीमारी पर नियंत्रण करने में असफलता सर्वविदित है। भारत में इससे बड़ी संख्या में लोग मर रहे हैं, परन्तु आवश्यकता के अनुरूप इसके उपचार के साधन उपलब्ध नहीं हैं। इस बीमारी का उपचार बड़ा महंगा होता है जिसे हमारे देश के निर्धन लोग वहन नहीं कर पाते हैं तथा उसके उपचार के प्रयास में अनेक लोग अपने प्रियजन को तो खो ही देते हैं, आर्थिक रूप से भी टूट जाते हैं। भारत जैसे गरीब देश में इस बीमारी के इलाज के साधन पूर्ण रूप से सरकार द्वारा उपलब्ध कराए जाने की आवश्यकता है तथा कैंसर के इलाज के लिए जिला केन्द्र पर समुचित सुविधा उपलब्ध कराए जाने की आवश्यकता भी है। कानपुर, इटावा, मैनपुरी, आगरा, फर्रूखाबाद, फतेहपुर तथा उन्नाव आदि जिलों में ग्रामीण तथा नगरीय लोग तम्बाकू सेवन की लत के शिकार हैं तथा इन क्षेत्रों में मुंह, होंठ तथा गले के कैंसर से पीड़ित लोगों की भरमार है, परन्तु इसके समय से निदान एवम् उपचार की कोई समुचित व्यवस्था नहीं है। कानपुर में एक कैंसर अस्पताल है, परन्तु इसमें आधुनिक उपकरणों का अभाव है। साथ ही इस अस्पताल को उच्चीकृत कर रिजिनल कैंसर इंस्टीटयूट बनाने की योजना भी काफी समय से लंबित पड़ी है जिससे आसपास की जनता अनेक कठिनाइयों एवम् कष्ट का सामना करने को िववश है।

अतः मेरा केन्द्र सरकार से अनुरोध है कि कानपुर स्थित जे.के. कैंसर इंस्टीटयूट को रिजिनल कैंसर इंस्टीटयूट का दर्जा अविलम्ब प्रदान करे तथा इस कैंसर अस्पताल को आधुनिकतम उपकरणों एवम् कैंसर विशेषज्ञों से युक्त करें जिससे नगर तथा पड़ौस के जनपदों के निर्धन एवम् साधनहीन कैंसर रोगी समय से निदान तथा उपचार प्राप्त कर सकें।